## सार-समाचार

### यात्री का लैपटॉप सुरक्षित लौटाया

**कोटा,** (निसं)। पश्चिम मध्य रेल के कोटा मंडल अंतर्गत भरतपुर स्टेशन पर 'ऑपरेशन अमानत' के तहत रेलवे सुरक्षा बल द्वारा सराहनीय कार्य करते हुए एक यात्री का छूटा हुआ लैपटॉप बैग सुरक्षित लौटाया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष, कोटा से सूचना प्राप्त हुई कि ट्रेन संख्या 12548 साबरमती एक्सप्रेस में पालनपुर से भरतपुर की यात्रा कर रहे यात्री परमार प्रकाश उम्र 28 वर्ष, निवासी गुजरात, भरतपुर स्टेशन पर उतरने के पश्चात मथुरा जाने हेतु प्लेटफार्म संख्या 04 पर गए और वहीं अपना स्काई रंग का लैपटॉप बैग भूलकर चले गए। उक्त सूचना के आधार पर ड्यूटी पर तैनात हेड कांस्टेबल सुरेश सिंह द्वारा तत्काल प्लेटफार्म संख्या 04 पर सर्च अभियान चलाया गया। जांच के दौरान प्लेटफार्म संख्या चार पर एक स्काई रंग का पिट्ठू बैग बरामद हुआ, जिसमें ऐसर कंपनी का एक लैपटॉप तथा अन्य निजी दस्तावेज सुरक्षित पाए गए। बाद में संबंधित यात्री रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट, भरतपुर पर उपस्थित हुऐं। यात्री ने रेलवे सुरक्षा बल के स्टॉफ की ईमानदारी, तत्परता और सेवा भाव की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। रेल प्रशासन ने बताया कि 'ऑपरेशन अमानत' के तहत यात्रियों के खोए हुए सामान को सुरक्षित लौटाने की मुहिम निरंतर जारी हैं।

### केन्द्रीय कारागृह में मादक पदार्थ ले जाते होमगार्ड जवान को गिरफ्तार किया

**कोटा,** (निसं)। केंद्रीय कारागार में सुरक्षा में तैनात होमगार्ड जवान को अवैध मादक पदार्थ सहित गिरफ्तार किया गया, मामले का खुलासा उस समय हुआ जब सुरक्षा में तैनात होमगार्ड जवान नशे की सामग्री जेल के अंदर ले जा रहा था, उसी समय तलाशी के दौरान जेल सुरक्षा में लगे आरएसी के जवान ने होमगार्ड जवान कीर्ती शर्मा को अवैध मादक पदार्थ सहित पकड़ा। मामले में सामने आया कि आरोपी ने अपने जूते के सोल के नीचे अलग से जगह बनाकर तस्करी कर अवैध मादक पदार्थ चरस लेकर जा रहा था, इसके साथ वह जर्दे की पुड़िया भी लेकर जा रहा था। जेल प्रशासन ने इस संबध में नयापुरा थाना पुलिस को रिपोर्ट दी है। नयापुरा थाना अधिकारी विनोद नागर ने बताया कि जेल की तहरीर पर खंडगांवडी निवासी होमगार्ड कीर्ति कुमार (55) के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी ने बताया कि पकड़े गये होमगार्ड जवान के पास से 35 ग्राम चरस व जर्दे की पुड़िया बरामद की गई है। इस संबंध में होमगार्ड प्रबंधन को भी सूचना दे दी गई है। मादक पदार्थ सहित पकड़े गये होमगार्ड जवान से मामले में अनुसंधान किया जा रहा है।

### ऊंचाई से गिरने से कारीगर की मौत

**छबड़ा** (निसं)। क्षेत्र के रामपुरिया (बरौनी) गांव निवासी कारीगर की निर्माणाधीन मकान में काम करते समय ऊंचाई से गिर जाने से मृत्यु हो गई। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी अनुसार पप्पू यादव निवासी रामपुरिया (बरौनी) छबड़ा में एक निर्माणाधीन मकान में कार्य करने के दौरान संतुलन बिगड़ जाने से वह ऊंचाई से नीचे गिर गया और अचेत हो गया। परिजन उसे तत्काल छबड़ा चिकित्सालय लाएं। यहां उसे गंभीरावस्था के चलते बारां रैफर कर दिया था। किँतु रास्ते मे ही पप्पू यादव ने दम तोड़ दिया।

# सोशल मीडिया पर सांसद राहुल गांधी समेत अन्य सांसदों को धमकी देने वाला गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। सोशल मीडिया के जरिये विपक्ष के सांसद राहुल गांधी सहित अन्य सांसदों को धमकी देने के मामले में शहर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए धमकी देने वाले आरोपी युवक को गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार सोशल मीडिया पर राज सिंह आमेरा ने विपक्षी सांसदो को धमकी सहित सांसद राहुल गांधी को गोली मारने की धमकी देते हुए वीडियो वायरल किया था। शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि सोशल मीडिया पर सांसदों को धमकी देने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने तत्परर्ता दिखाते हुए आरोपी राज सिंह आमेरा को गिरफतार किया है।

**कांग्रेस नेता ने जारी किये बयान:-** वहीं मामले को लेकर शहर कांग्रेस अध्यक्ष राखी गौतम एवं देहात अध्यक्ष भानुप्रताप सिंह की अगुवाई में आक्रोशित कांग्रेसजनों ने पुलिस आधीक्षक तेजस्वनी गौतम को ज्ञापन एवं अलग से मुकदमा दर्ज कर उचित कार्यवाही करने की मांग की है। ज्ञापन पत्र में शहर कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष राखी गौतम एवं देहात अध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने पुलिस अधीक्षक तेजस्वी गौतम से कहा कि लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी एवं 25 सांसदों को सोशल मीडिया पर उद्योग नगर क्षेत्र के राज सिंह आमेरा नामक व्यक्ति द्वारा गोली से जान से मारने की धमकी दी है यह धमकी किसके कहने पर दी है और उक्त व्यक्ति किस पार्टी का सदस्य है। महासचिव डॉ.विजय सोनी ने बताया ज्ञापन देते समय प्रमुख रूप से पूर्व अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी, लाड़पुरा प्रधान नईमुद्दीन गुड्डु, कैथून नगर पालिका चेयरमैन रही आयना महक, जिला महासचिव डॉ.विजय सोनी, ब्लॉक अध्यक्ष जोन्टी बीरवाल, जयेश श्रृंगी, मंडल अध्यक्ष संजय जैन, मयंक शर्मा, शहजाद खान, मनीष भारद्वाज, चेतन सोलंकी, पार्षद कपिल शर्मा, अनुराग गौतम आदि मौजूद थे।

वहीं कांग्रेसजन जिला कांग्रेस महामंत्री विपिन बरथुनिया, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय भान सिंह शक्तावत, किसान नेता विनोद शर्मा, सेवादल प्रदेश सचिव अमित सूद, चेतन मेवाड़ा, गुलाम हुसैन ने कहा कि भाजपा पार्टी ने सारे अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को अपनी पार्टी में भर रखा है और उन्हें अपना संरक्षण दे रखा हैं, इसलिए उनके मंसूबे इतने बढ़ जाते हैं कि यह किसी की हत्या करने से भी पीछे नहीं हटते। कोटा पुलिस की कार्रवाई की तारीफ करते हैं और आरोपी भाजपा कार्यकर्ता को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग करते हैं जिससे कोई भी दोबारा इस प्रकार की हरकत करने की सोच भी ना सकें। कोटा शहर एवं कोटा देहात कांग्रेस सेवादल के पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज दुबे ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और 25 सांसदों को गोली मारने की धमकी देने वाले भाजपा कार्यकर्त्ता के खिलाफ़ कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

**भाजपा ने नकारा:-**सोशल मीडिया पर विपक्षी सांसदो को धमकी देने वाले बयान पर भाजपा शहर जिला अध्यक्ष राकेश जैन ने बयान जारी करते हुए कहा कि वायरल वीडियो में दिखाई देने वाले व्यक्ति से भारतीय जनता पार्टी का कोई संबंध नहीं। भाजपा एक अनुशासित और राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं की पार्टी है। इस प्रकार की भाषा और आचरण हमारी विचारधारा और नैतिक मूल्यों के बिल्कुल खिलाफ है। लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध किसी भी कृत्य को भाजपा कभी स्वीकार नहीं करती। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मैं प्रशासन से अनुरोध करता हूँ कि ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

## छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाई

**रामगंजमंडी,** (निसं)। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय दुर्जनपुरा में 19 फरवरी गुरुवार को महापराक्रमी श्री शिवाजी महाराज की जयंती उत्साह से मनाई गई। प्रधानाध्यापिका हेमलता शर्मा ने शिवाजी महाराज के चित्र का पूजन-अर्चन किया।

शारीरिक शिक्षक विशाल पहाड़िया ने कहा कि आज तक महाराष्ट्र और भारत ही नहीं बल्कि विश्व भर में शिवाजी के प्रति श्रद्धा व सम्मान की भावना मौजूद है क्योंकि उनका जीवन, युद्ध पद्धति और धर्म रक्षा का अमर योगदान भूलाया नहीं जा सकता, उन्होंने भूषण कवि द्वारा रचित शिवा वाहिनी कविता को सस्वर दोहराते हुए जानकारी दी। वहीं वरिष्ठ प्रबोधक अंजनी कुमार शर्मा ने जीजाबाई द्वारा बालक शिवा में निडरता, समर्थ गुरु रामदास द्वारा बुद्धि और विवेक से काम करने तथा आदर्श चरित्रवान रहते हुए सभी माता-बहनों की इज्जत करने, जनकल्याणकारी कार्यों इत्यादि पर सोदाहरण प्रकाश डाला, साथ ही धर्म रक्षार्थ सर्वस्व न्यौछावर करने की शपथ दिलाई। आयोजन में दिनेश नागर, मुरली मीणा व कविता कुमावत, सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

**राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**

क्रमांक-3253 — **जाहिर आम सूचना** — दिनांक-16.02.26

आवास संख्या 3-एल-11 महावीर नगर विस्तार, कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्री जग्गू मल पुत्र श्री कुन्दन मल को किया गया था। इस आवास का नियमितिकरण श्रीमती धनवन्ती देवी पत्नी स्व. श्री उधव दास के नाम दिनांक 14.09.2018 को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्रीमती धनवन्ती देवी पत्नी स्व. श्री उधव दास द्वारा दिनांक 27.12.2018 को अपने पक्ष में करवाया गया। पंजीयन उपरान्त श्रीमती धनवन्ती देवी पत्नी स्व. श्री उधव दास द्वारा उक्त आवास का बेचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 17.09.2021 को श्रीमती श्रीमती दीपा खण्डेलवाल पत्नी श्री रमाकान्त गुप्ता को किया गया। श्रीमती दीपा खण्डेलवाल पत्नी श्री रमाकान्त गुप्ता का नाम दिनांक 22.04.2022 को विक्रय पत्र के आधार पर उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में दर्ज किया गया। तत्पश्चात श्रीमती दीपा खण्डेलवाल पत्नी श्री रमाकान्त गुप्ता द्वारा उक्त आवास का बेचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 23.12.2025 को श्री प्रहलाद पुत्र स्व. श्री राधाकिशन को किया गया। श्री प्रहलाद पुत्र स्व. श्री राधाकिशन द्वारा इस कार्यालय मे प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 3-एल-11 महावीर नगर विस्तार योजना, कोटा, को विक्रय-पत्र के आधार पर अपना नाम आवास के मण्डल अभिलेख मे दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

अतः इस आवास के मण्डल अभिलेख में श्री प्रहलाद पुत्र स्व. श्री राधाकिशन का नाम विक्रय पत्र के आधार पर दर्ज करने में किसी भी पक्षकार / व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि इस आवास के मण्डल अभिलेख में श्री प्रहलाद पुत्र स्व. श्री राधाकिशन का नाम विक्रय पत्र के आधार पर दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में श्री प्रहलाद पुत्र स्व. श्री राधाकिशन का नाम विक्रय पत्र के आधार पर दर्ज कर दिया जावेगा।

**उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**

# ओलावृष्टि व तेज हवाओं से फसलों को भारी नुकसान

**छबड़ा** (निसं)। मौसम के बदले मिजाज ने अन्नदाताओं के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी है। यहां तेज हवाओं के साथ हुई बारिश और ओलावृष्टि ने खेतों में खडी और कटी हुई फसल को नुकसान पहुंचाया है। इस संकट के बीच किसानों की बेबसी और जीवटता की अनूठी तस्वीरें भी सामने आने लगी हैं।



**तेज हवाओं के साथ हुई बारिश और ओलावृष्टि ने खेतों में खड़ी और कटी हुई फसल को नुकसान पहुंचाया है।**

**बारिश एवं ओलावृष्टि ने किसानों की कमर तोड़ी:-** बीती रात तेज हवाओं, बारिश एवं ओलावृष्टि ने किसानों की कमर तोड दी है। गेहूं, चना, सरसों सहित अफीम की फसल को गंभीर क्षित पहुंची है। विशेष रूप से अफीम में इस समय चीरा लगने का कार्य चल रहा था, लेकिन अचानक हुई तेज बारिश से लगाया गया चीरा धुल गया और पूरी फसल आडी गिर गई। इससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड रहा है।

**खेतों में खडी फसल जमीन पर बिछी:-** ग्राम पंचायत घाटाखेडी के अंतर्गत सेमला, मवासा, गोविंदपुरा तथा रामपुरिया सहित आसपास के गांवों में स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। रामपुरिया एवं आसपास के गांवों में ओलावृष्टि भी हुई है, जिससे लगभग 70 प्रतिशत तक फसलों के नुकसान का अनुमान है। खेतों में खडी फसल जमीन पर बिछ गई है, जिससे उत्पादन पर सीधा प्रभाव पड़ेगा।

**तत्काल राहत की मांग:-** भाजपा पूर्व देहात मण्डल अध्यक्ष अशोक गौड ने प्रशासन से प्रभावित गांवों में तत्काल विशेष गिरदावरी (फसल सर्वे) कराए जाने, अफीम, गेहूं, चना व सरसों की वास्तविक क्षित का पारदर्शी आंकलन किया जाने, किसानों को फसल बीमा योजना के अंतर्गत शीघ्र बीमा क्लेम दिलाये जाने तथा आपदा राहत मद से उचित एवं पर्याप्त मुआवजा प्रदान किये जाने की मांग की है।

**राजस्थान आवासन मण्डल खण्ड कोटा**

क्रमांक-998 — **जाहिर आम सूचना** — दिनांक-30.1.26

आवास संख्या 2-ई-21 विकास नगर, बून्दी का आवंटन मण्डल द्वारा श्रीमती प्रेमलता बाई पत्नी स्व. श्री मिश्री लाल राठौर को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्रीमर्ती प्रेमलता बाई पत्नी स्व. श्री मिश्री लाल राठौर द्वारा दिनांक 27.02.1997 को किया गया। पंजीयन उपरान्त श्रीमती प्रेमलता बाई पत्नी स्व. श्री मिश्री लाल राठौर द्वारा उक्त आवास से सम्बन्धित समस्त कार्य करने हेतु अपनी ओर से दिनांक 28.10.1997 को मुख्तारनामा आम आलेखित कर श्रीमती कान्ता देवी पत्नी श्री रामलाल किराड को अपना मुख्तार आम नियुक्त किया गया। श्रीमती कान्ता देयी पत्नी श्री रामलाल किराड मुख्तार आम श्रीमती प्रेमलता बाई पत्नी स्व. श्री मिश्री लाल राठौर द्वारा मुख्तारनामा आम धारक की हैसियत से उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय विलेख पत्र आलेखित कर दिनांक 06.11.1997 को श्री सत्यनारायण मण्डौवरा पुत्र श्री धनरूप को किया गया। श्री सत्यनारायण मण्डौवरा पुत्र श्री धनरूप द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिय विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 22.07.1998 को श्री अरूण कुमार जैन पुत्र श्री गुलाबचंद को किया गया। श्री अरूण कुमार जैन पुत्र श्री गुलाबचंद का नाम दिनांक 28.03.2007 को विक्रय पत्र के आधार पर उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में दर्ज किया गया। तत्पश्चात् श्री अरुण कुमार जैन पुत्र श्री गुलाबचंद द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिय विक्रय विलेख पत्र आलेखित कर दिनांक 19.11.2020 को श्रीमती सुनिता सुहल पुत्री श्री राधाकिशन को किया गया। श्रीमती सुनिता सुहल पुत्री श्री राधाकिशन द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 2-ई-21 विकास नगर, बून्दी को विक्रय विलेख पत्र के आधार पर अपना नाम आवास के मण्डल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

अतः उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में विक्रय विलेख पत्र के आधार पर श्रीमती सुनिता सुहल पुत्री श्री राधाकिशन का नाम दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में विक्रय विलेख पत्र के आधार पर श्रीमती सुनिता सुहल पुत्री श्री राधाकिशन का नाम दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में विक्रय विलेख पत्र के आधार पर श्रीमती सुनिता सुहल पुत्री श्री राधाकिशन के नाम दर्ज कर दिया जावेगा।

**आवासीय अभियन्ता राजस्थान आवासन मण्डल खण्ड कोटा**

**खोया पाया**

चंद्रेश गेरा पुत्र गुलशन कुमार गेरा मकान नंबर 2-त-17 विज्ञान नगर कोटा का मूल भौतिक कब्जा पत्र, इन्वेंटरी लेटर, पजीशन लेटर कहीं गुम हो गया है किसी को मिलने पर सूचित करें।

**आम सूचना**

श्री विवेक जैन पुत्र श्री धनराज जैन, निवासी 21, राजीव प्लाजा, विज्ञान नगर, कोटा द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य के मकान नं. 4-प-24, विज्ञान नगर, कोटा (राज.) को बैंक ऑफ बड़ौदा, कोटा में साम्यक् बंधक रख ऋण हेतु आवेदन किया है। उक्त मकान को श्री विवेक जैन द्वारा श्री मदनलाल दुआ पुत्र स्व. खानचन्द दुआ से जरिये विक्रय पत्र दिनांक 22.04.15 द्वारा क्रय किया गया था, जिसका पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय, कोटा में दिनांक 22.04.15 को हो रहा है। उक्त मकान से संबंधित असल आवंटन पत्र दिनांक 30.10.76, असल कब्जा पत्र दिनांक 15.01.77, अदेय प्रमाण पत्र दिनांक 11.07.91 एवं अनुज्ञा पत्र दिनांक 12.08.90, जो कि राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा द्वारा श्री खानचन्द के पक्ष में जारी किया गये थे एवं नाम हस्तांतरण पत्र दिनांक 28.06.10, जो कि राजस्थान आवासान मण्डल द्वारा श्री मदनलाल दुआ के पक्ष में जारी किया गया था, असल उपलब्ध नहीं है एवं गुम होना बताये गये है, जिसकी संबंधित थाने में इन्फोरमेशन रिपोर्ट दर्ज करवा दी गई है। श्री विवेक जैन द्वारा उक्त सम्पत्ति पर वर्तमान में एक्सिस बैंक, कोटा से ऋण लिया हुआ है, जिस ऋण का अन्तरण बैंक ऑफ बड़ौदा, कोटा में करवा रहे है। अगर किसी व्यक्ति अथवा वित्तीय संस्था को उपरोक्त वर्णित असल दस्तावेजों के संदर्भ में किसी प्रकार की आपत्ति या एतराज हो तो वह सूचना प्रकाशन के 07 दिवस की अवधि में मुझे अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत कर दें, बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी।

दिनांक :19.02.2026

**राजेन्द्र मंगल एडवोकेट**
मकान नंबर 322 महावीर नगर द्वितीय
कोटा राज.
मो. 94148-02953

**आम सूचना**

मैं मेरे पक्षकार बंशीलाल महावर पुत्र श्री कालूराम, निवासी 613, बसन्त विहार, दादाबाड़ी, कोटा (राज.) की ओर से सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि 1. रतनलाल पुत्र श्री देवीलाल, 2. नाथी बाई पत्नि श्री रतनलाल, 3. राहुल पुत्र श्री रतनलाल, निवासीगण ग्राम आंवली, तह. लाड़पुरा, जिला कोटा (राज.) के द्वारा अपने प्लॉट/मकान साईज 20 गुणा 40 वाके ग्राम आंवली, तह. लाड़पुरा, जिला कोटा को गिरवी रखकर मेरे पक्षकार से नकद उधार कुल 12,50,000/- रूपये अक्षरे बारह लाख पचास हजार रूपये मात्र प्राप्त किये गये थे। जो आज तक अदा नहीं किये गये हैं। इसलिए उक्त मकान आज तक गिरवी मुक्त नहीं हुआ है। उक्त मकान का असल इकरारनामा मेरे पक्षकार के पास गिरवी रखा हुआ है। इसलिए कोई भी व्यक्ति उक्त प्लॉट/मकान का क्रय ना करें। ऐसा ना स्वयं करें और ना ही अपने किसी प्रतिनिधि के माध्यम से करे। यदि कोई भी व्यक्ति उक्त प्लॉट/मकान का क्रय करता है तो उसकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी।

भवदीय
**महेश वैष्णव, एडवोकेट**
मो.नं. 9829767129

## फायरिंग के आरोपी पिता-पुत्र गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। सांगोद पुलिस टीम ने फायरिंग कर जानलेवा हमले के दर्ज मामले में कार्यवाही करते हुए आरोपी पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया है। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि 17 फरवरी को फरियादी हरिप्रसाद मीणा ने सांगोद थाने में रिपोर्ट दी। रिपोर्ट में कहा कि परिवार की रंजिश को लेकर भागीरथ व उसके बेटे अरिंहत दोनों उसके घर पर आये और जान से मारने की नियत से पिस्टल से उसके व उसके परिवार के अन्य सदस्यों पर चार फॉयर कर दिये। ग्रामीण एसपी ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया। मामले में आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर सांगोद थाने के थानाधिकारी अनिल गौतम के नेतृत्व में टीम गठित की गई। ग्रामीण एसपी ने बताया कि गठित टीम को मुखबीर से सूचना मिली कि फायरिंग के आरोपी जिला बूंदी के देही खेड़ा क्षेत्र में है। पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए जिला बूंदी क्षेत्र से फायरिंग के मामले में फरार आरोपी भागीरथ व उसके बेटे अरिंहत को डिटेन कर गिरफ्तार किया गया।

## प्रतियोगिता के परिणाम

**कोटा,** (निसं)। विश्व सिंधी सेवा संगम की कोटा इकाई ने 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सिन्धी समाज की सात खासियतें प्रतियोगिता का आयोजन किया था उसके परिणामों की घोषणा कर दी गई हैं, इसके 11 विजेताओं को पुरुस्कृत किया जाएगा। विश्व सिन्धी सेवा संगम, कोटा चैप्टर के अध्यक्ष प्रेम भाटिया अध्यक्ष व सचिव किशन रतनानी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में सिंधी समाज की विशेषताओं को सात बिंदुओं में लिखना था जिसमें 49 प्रतिभागियों ने भाग लिया। उपाध्यक्ष रमेश आहूजा ने बताया कि इसके विजेताओं में जयपुर की नमीषा खेमनानी, गुड़गांव की मानसी मूलचंदानी, भोपाल की रीना सचदेव, कोटा के डॉ.हर्ष राजदीप, रमेश मेहबूबानी, एडवोकेट राज ठाकुर, रितु इसरानी, मुरलीधर अलरेजा, नीलम माखीजा, हीरल नाथानी, भागवंती खूबचंदानी शामिल हैं।

# दो प्रोबेश्नरी उप निरीक्षकों को राज्य सेवा से बर्खास्त किया

**कोटा,** (निसं)। उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा 2021 में हुई परीक्षा में गड़बड़ी व पेपर लीक मामले में कोटा रेंज महानिरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद गोयल ने कार्यवाही करते हुए दो प्रोबेश्नरी उप निरीक्षकों को राज्य सेवा से बर्खास्त कर दिया है।

मामले में सामने आया कि दोनों प्रोबेश्नरी उप निरीक्षको ने डमी अभ्यार्थी बैठाकर परीक्षा पास की थी। मामले में पुलिस की एसओजी टीम ने जांच के बाद दोनों प्रोबेश्नरी उप निरीक्षकों को गिरफ्तार किया था। पुलिस महानिरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद गोयल ने बताया कि जिला जालोर के गंगावा खेड़ा हाल उप निरीक्षक प्रोबेशनर शेर सिंह व जिला जालोर के नेलिया तलाब ग्राम सेड़िया हाल उप निरीक्षक प्रोबेशनर कोटा निवासी मनोहर सिंह दोनों ने उपनिरीक्षक पुलिस संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2021 की लिखित परीक्षा में डमी अभ्यार्थी का प्रयोग करते हुए अधिक अंक प्राप्त कर राजस्थान पुलिस में उप निरीक्षक के पद पर चयनित हुए थे। जिनके विरूद्ध एसओजी में प्रकरण दर्ज हुआ था।

पुलिस महानिरीक्षक ने बताया कि दोनों प्रोबेश्नरी उप निरीक्षकों ने अपने निजी स्वार्थ की पूर्ति के लिये जानबूझकर विधि-विरूद्ध कानून के खिलाफ काम किया था। दोनों ने आपराधिक मानसिकता से एवं षडयंत्रपूर्वक प्रवेश लिया जो कि पुलिस जैसे अनुशासित और कानून की पालना करने वाले विभाग के कर्मचारियों के लिये अक्षम्य हैं।

उनका यह कृत्य और अपराध पूरी तरह से पुलिस नियमों, आचरण और अनुशासन के खिलाफ है। कोटा रेंज आईजी ने कहा कि प्रोबेश्नरी उप निरीक्षकों शेर सिंह व मनोहर सिंह को राजस्थान असैनिक सेवाएं वर्गीकरण, नियंत्रण और पुरावेदन नियम, 1958 के नियम 19 2 के तहत तत्काल प्रभाव से राज्य सेवा से बर्खास्त किया गया है।

**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक :- एफ 11/ विक्रय/2026/763 — दिनांक : 19.2.26

**नाम हस्तातंरण चाहने बाबत आम सूचना**

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा द्वारा योजना श्रीनाथपुरम-ई आवासीय भूखण्ड संख्या 28-ए का आवंटन पत्र क्रमांक 489 दिनांक 15.12.2003 को किया गया था। जिसकी साईज 108.46 का उपविभाजन दिनांक 11.06.2007 को किया जा चुका है। भूखण्ड संख्या 28-ए का मुख्तारआम श्रीमती साधना मिश्रा पत्नि श्री श्याम मनोहर मिश्रा को नियुक्त कर मुख्तारआम द्वारा उक्त भूखण्ड का विक्रय पत्र क्रमांक 2009004279 दिनांक 19.08.2009 को श्री मदन मोहन चौहान पुत्र श्री रवती प्रसाद चौहान को किया गया। श्री मदन मोहन चौहान पुत्र श्री रवती प्रसाद चौहान कि मृत्यु उपरान्त विधिक वारिसान श्री अमित चौहान पुत्र श्री मदन मोहन चौहान द्वारा रजिस्टर्ड रिलीज डीड (हक त्याग पत्र), मृत्यु प्रमाण पत्र एवं प्राप्त विधिक राय, शपथ पत्र, अण्डरटेकिंग आईडी इत्यादि दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूखण्ड संख्या 28-ए श्रीनाथपुरम-ई आवासीय को अपने नाम हस्तान्तरण करने की स्वीकृति कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा से चाही जा रही है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपति प्रस्तुत कर दे, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात् उक्त भूखण्ड संख्या 28-ए योजना श्रीनाथपुरम-ई का नामहस्तान्तरण श्री अमित चौहान पुत्र श्री मदन मोहन चौहान के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी। **उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

**कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक :- एफ-15/कृ.भू.रू./2026/2117 — **विज्ञप्ति** — दिनांक : 19.02.2026

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम रामचन्द्रपुरा योजना ''लाजपत नगर-I'' खसरा नं. 208 में स्थित भूखण्ड संख्या सी-198 के नाम हस्तान्तरण करने हेतु न्यास कार्यालय में श्रीमती गुलनाज पत्नि श्री आसिफ हुसैन निवासी - चमन होटल के पीछे, मस्जिद के पास, नयापुरा, कोटा राज. द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त भूखण्ड का पट्टा क्रमांक 12722 दिनांक 11.10.2012 को श्री भंवर सिंह हाड़ा पुत्र श्री बापू सिंह हाड़ा के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टेधारी की मृत्युपरांत उक्त भूखण्ड का नामहस्तान्तरण न्यास/प्राधिकरण द्वारा UIT-KOTA/FY20-21/MUT/1169 दिनांक 12.01.2021 को श्रीमती हेमलता कुंवर पत्नि श्री भंवर सिंह के नाम जारी किया गया है। नामहस्तान्तरित श्रीमती हेमलता कुंवर द्वारा उक्त भूखण्ड का बेचान जर्ये पंजीकृत मुख्तार आम श्री रिजवान खान पुत्र मोहम्मद नफीस द्वारा जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 08.04.2022 से श्रीमती गुलनाज पत्नि श्री आसिफ हुसैन को कर दिया गया हैं।

अतः श्रीमती गुलनाज पत्नि श्री आसिफ हुसैन के नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 य़ोम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

**उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

**कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक :- एफ-15/कृ.भू.रू./2026/2118 — **विज्ञप्ति** — दिनांक : 19.02.2026

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम कोटड़ी योजना ''अटवाल नगर'' खसरा नं. 208/340, 206/339 में स्थित भूखण्ड संख्या 4-सी-09 के नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्राधिकरण कार्यालय में श्री मलय जडिया पुत्र राकेश जडिया निवासी फ्लैट नं. 309, ओम टाउन, इन्द्रा विहार, कोटा राज. द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त भूखण्ड संख्या 4-सी-09 का पट्टा क्रमांक 10959 दिनांक 26.12.2011 को श्रीमती करूणा जडिया पत्नि श्री राकेश जडिया के पक्ष में जारी किया गया था। आवेदक द्वारा संलग्न मृत्यु प्रमाण पत्र के अनुसार पट्टेधारी की मृत्यु दिनांक 21.05.2021 को हो चुकी हैं। पट्टेधारी की मृत्यु उपरान्त आवेदक द्वारा रजि. रिलिज डीड दिनांक 31.12.2025, मृत्यु प्रमाण-पत्र एवं शपथ-पत्र के आधार पर अपने पक्ष में नाम हस्तांतरण चाहा गया हैं।

अतः श्री मलय जडिया पुत्र राकेश जडिया के नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

**उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

# कोटा महोत्सव-2026 : गणेश वंदना के साथ शुरुआत कल से

- विविध प्रतियोगिताओं, घूमर शो, लोकल टैलेंट हंट, कोटा डोरिया फैशन शो का होगा आयोजन
- यंग इंडिया करियर फेयर में युवाओं को स्टार्ट अप के बारे में जानकारी मिलेगी

**कोटा,** (निसं)। बहुरंगी कोटा महोत्सव के तहत 21 एवं 22 फरवरी को विभिन्न प्रतियोगिताओं, प्रदर्शनी, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन होगा। इस बार कुश्ती दंगल का आयोजन भी नंदी घाट पर किया जाएगा।

21 फरवरी को प्रातः गोदावरी धाम पर गणेश वंदना के साथ महोत्सव की शुरुआत होगी। महोत्सव के तहत चम्बल रिवर फ्रंट के पश्चिमी भाग स्थित तिरंगा घाट पर फूड कोर्ट, नंदी घाट पर कोटा दंगल, शौर्य घाट पर फोटो कॉन्टेस्ट एवं एग्जीबिशन, रिवर फ्रंट के वेस्टर्न घाट स्थित हवेलियां पर दीदी की हाट, घंटी घाट पर यंग इंडिया केरियर फेयर, शौर्य घाट पर पेंटिंग वर्कशॉप आयोजित होगी। घंटी घाट पर दोनों दिन प्रातः 11 से सायं 5 बजे निरोगी कोटा कार्यक्रम के तहत विशेषज्ञ चिकित्सकों के टॉक शो होंगे। शौर्य घाट पर प्रातः 11 से सायं 7 बजे स्वदेशी कोटा ऑर्गेनिक खेती एवं मिलेट्स उत्पादों की प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। चम्बल रिवर फ्रंट के तिरंगा घाट पर दोपहर 12 बजे मास्टर शेफ प्रतियोगिता, शौर्य घाट पर प्रातः 11 से दोपहर 1.30 बजे तक लोकल टेलेंट हंट, दोपहर 1.30 से सायं 4 बजे तक सुरीला कोटा, सायं 4:30 से 5:30 बजे तक घूमर शो, सायं 6 से रात 8:30 बजे तक म्हारो राजस्थान कार्यक्रम आयोजित होगा।

**महोत्सव में होगी कोटा दंगल प्रतियोगिता:-**कोटा दंगल कार्यक्रम के तहत राजस्थान केसरी, राजस्थान कुमार, राजस्थान महिला केसरी एवं राजस्थान महिला कुमारी प्रतियोगिताएं होगी। इसमें केवल राजस्थान के पहलवान भाग ले सकेंगे। कुश्ती प्रतियोगिता 21 फरवरी को चम्बल रिवर फ्रंट के नंदी घाट पर अपरान्ह 3 बजे आयोजित की जाएगी।

यंग इंडिया (करियर काउंसलिंग) कार्यक्रम के अंतर्गत 21 एवं 22 फरवरी को यंग इंडिया (करियर काउंसलिंग) कार्यक्रम का आयोजन चंबल रिवर फ्रंट के घंटी घाट पर किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत युवाओं को करियर विकल्पों, उच्च शिक्षा, तकनीकी पाठ्यक्रमों, नवाचार, स्टार्टअप एवं स्वरोजगार से संबंधित जानकारी प्रदान की जाएगी। आई स्टार्ट कोटा द्वारा विशेष स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां स्थानीय स्टार्टअप्स उत्पादों एवं सेवाओं का प्रदर्शन करेंगे। साथ ही, करियर काउंसलिंग के लिए स्टॉल लगाए जाएंगे।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की उपस्थिति में 22 फरवरी को प्रातः 7 बजे हेरिटेज वॉक का आयोजन किया जाएगा, जो मथुराधीश मंदिर से प्रारंभ होकर गढ़ पैलेस, कैथूनीपोल थाने से होते हुए सुभाष चौक, रामपुरा कोतवाली जाकर पूरी होगी। इसमें कोटावासी साफा पहनकर शामिल होंगे। 22 फरवरी को ही शाम 5.30 बजे से पश्चिमी घाट पर चंबल महाआरती होगी, जिसमें लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भी शामिल होंगे। 22 फरवरी को ही शौर्य घाट पर प्रातः 11 से दोपहर 1 बजे तक कोटा ऑन स्क्रीन्स फिल्म फेस्टीवल, दोपहर 1 से सायं 4 बजे तक पंडित सतीश शर्मा द्वारा वास्तु वाणी, सायं 4 से 5:30 बजे तक अनप्लग्ड (क्षितिज तारे का कार्यक्रम) आयोजित होगा।

**कोटा डोरिया फैशन शो का होगा आयोजन:-**कोटा महोत्सव के तहत 22 फरवरी को सायं 7 बजे से शौर्य घाट, चम्बल रिवर फ्रंट पर डोरिया फैशन शो का आयोजन किया जाएगा जिसमें कोटा डोरिया से निर्मित पारंपरिक एवं आधुनिक उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही, कोटा डोरिया पर निर्मित लघु फिल्म का भी प्रदर्शन किया जाएगा।

सेवन वंडर्स पर होगा पेट शो-सेवन वंडर्स पर 22 फरवरी को प्रातः 11 से सायं 5 बजे तक पेट शो आयोजित होगा। इसमें श्वान फैशन प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र होगी। पेट शो में शामिल होने के लिए क्यू आर कोड से स्कैन कर फॉर्म भरा जा सकता है।

विजय श्री रंगमंच पर मेगा सेलिब्रिटी नाईट-दशहरा मैदान स्थित विजय श्री रंगमंच पर 21 एवं 22 फरवरी दोनों दिन मेगा सेलिब्रिटी नाईट का आयोजन होगा। इसमें 21 फरवरी को प्रख्यात गायक अर्जुन कानूनगो एवं 22 फरवरी को मरू कोकिला सीमा मिश्रा की प्रस्तुतियां होंगी।

किशोर सागर की पाल पर लगेगी पुष्प प्रदर्शनी-कोटा महोत्सव के अन्तर्गत 21 एवं 22 फरवरी को किशोर सागर की पाल पर होने जा रहा है फ्लावर शो (पुष्प प्रदर्शनी) में विविध प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी। 21 फरवरी को प्रदर्शनी उद्घाटन के बाद प्रदर्शनियों की प्रतियोगिताएं होंगी। मास्टर शेफ प्रतियोगिता का आयोजन 21 फरवरी को दोपहर 12 बजे से चंबल रिवर फ्रन्ट के तिरंगा घाट पर किया जाएगा। इसमें भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी जिला रसद अधिकारी कोटा कार्यालय में ई-मेल कर आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। कोटा महोत्सव में दीदी की हाट का आयोजन 21 एवं 22 फरवरी को चम्बल रिवर फ्रंट के वेस्टर्न घाट (राजपूताना) पर किया जाएगा जिसमें प्रदेश के विभिन्न स्थानों से आने वाले स्वयं सहायता समूह एवं महिला उद्यमियों के हस्तनिर्मित उत्पादों की

## निरोगी कोटा थीम पर कार्यक्रम 21 व 22 को

**कोटा,** (निसं)। कोटा महोत्सव के अन्तर्गत निरोगी कोटा थीम पर घंटीघाट, चम्बल रिवर फ्रंट वेस्टर्न घाट पर 21 व 22 फरवरी को सुबह 11 से शाम 5 बजे तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। 21 फरवरी को आयुर्वेद विभाग द्वारा मौसमी बीमारियों का क्वाथ वितरण, आयुर्वेद एवं योग पर व्याख्यान, आयुर्वेद जीवन शैली का महत्व, आयुर्वेद अनुसार स्वस्थ जीवन शैली एवं आयुर्वेद के अनुसार हृदय रोग पर व्याख्यान, आयुर्वेद अनुसार दिनचर्या आदि पर वक्ताओं द्वारा व्याख्यान दिया जाएगा। आयुर्वेद एवं योग विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक योग प्रदर्शनी व विभिन्न रोगों के निवारण संबधी आसन्न होंगे। 22 फरवरी को निरोगी कोटा थीम के अन्तर्गत हैल्थ टॉक में विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सक एवं नागरिकों में संवाद होगा।

**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक :- 721 — **नाम हस्तातंरण चाहने बाबत आम सूचना** — दिनांक : 21.02.26

प्राधिकरण कोटा की रानपुर आवासीय योजना के भूखण्ड/आवास संख्या डी-117 का आवंटन/विक्रय/हस्तान्तरण/रजि. न्यास के पत्र दिनांक 24.05.2013 को श्री बालकिशन पुत्र श्री मदनलाल को किया गया था। आवंटी द्वारा उक्त भूखण्ड/आवास का जर्ये मुख्तारआम श्रीमती शिल्पा जैन पत्नी श्री आशीष जैन द्वारा रजि. विक्रय पत्र दिनांक 19.02.2025 को श्री आशीष जैन पुत्र श्री पवन कुमार जैन को विक्रय कर दिया गया है। अतः क्रेता द्वारा उक्त भूखण्ड/आवास का अपने नामहस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात् उक्त भूखण्ड/आवास संख्या डी-117 योजना रानपुर आवासीय का नाम हस्तान्तरण श्री आशीष जैन पुत्र श्री पवन कुमार जैन के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी। **उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी कृषि भूमि रुंपातरण नगर परिषद, बारां**

क्रमांक-नपबा/रूपा./2025/11411-12 — **लोक सूचना** — दिनांक-19.02.2026

श्री यशभानु जैन पुत्र श्री जिनेश जैन मुख्तार आम खातेदार चन्द्रप्रकाश पुत्र श्री गागनदास निवासी बारां तह. व जिला बारां राजस्थान ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि जो अपने अभिवृति अधिकारों के निर्वाचन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। अर्थात्

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| बारां तहसील जिला बारां | तलावड़ा | 437/147 | 1.74 है. में से 0.17 है. |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृत अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने अपेक्षा प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियम समय के भीतर भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है, और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज..... को जारी की गयी।

**प्राधिकारी अधिकारी आयुक्त नगर परिषद बारां**

**केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय**
(संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित)
56-57, इन्स्टीट्यशनल एरिया, जनकपुरी, नई दिल्ली - 110058

**आयुर्वेद गुरुकुलम् की संबद्धता हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रण**

आयुर्वेद गुरुकुलम् के अंतर्गत दो वर्षीय प्री-आयुर्वेद कार्यक्रम के साथ बैचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड सर्जरी (BAMS) हेतु कुल साढ़े सात वर्ष की अवधि के शैक्षिणक कार्यक्रम के लिए केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा आयुर्वेद गुरुकुलों को सम्बद्धता प्रदान की जा रही है। तदनुसार केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली, भारत सरकार के भारतीय चिकित्सा पद्धत राष्ट्रीय आयोग (NCISM) द्वारा राजपत्र में अधिसूचित विनियमों के अंतर्गत आयुर्वेद गुरुकुलों की सम्बद्धता हेतु योग्य संस्थानों से आवेदन आमंत्रित करता है। आयुर्वेद गुरुकुलों का उद्देश्य सक्षम अधिकारी द्वारा निर्धारित प्री-आयुर्वेद कार्यक्रम एवं BAMS पाठ्यक्रम के अनुरूप आयुर्वेद में पारम्परिक गुरुकुल-आधारित शिक्षा प्रदान करना है। आयुर्वेद गुरुकुलों में प्रवेश कक्षा 10वीं अथवा समकक्ष उत्तीर्ण छात्रों अखिल भारतीय स्तर पर प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रदान किया जाएगा।

इच्छुक संस्थान केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से आयुर्वेद गुरुकुलों की सम्बद्धता हेतु आवेदन कर सकते है - https://www.sanskrit.nic.in/ayurveda_gurukulam.php विस्तृत दिशा-निर्देश, पात्रता मानदंड एवं आवेदन प्रक्रिया हेतु कृपया विश्वविद्यालय की वेबसाइट देखें: www.sanskrit.nic.in

दिनांकः 09.02.2026

हस्ता/-
कुलसचिव

CBC 21212/12/0005/2526